**कार्यक्रम** | ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान अंतर्गत विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

# नुक्कड़ नाटक के जरिये दिया नशा मुक्ति का संदेश




**नवभारत कटंगी 17 जनवरी।** स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में 'ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान' अंतर्गत विकासखंड स्तरीय व्याख्यान एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शहर के राजा भोज शासकीय महाविद्यालय में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इस अवसर पर डॉ. नरेंद्र भैरम, एसडीएम कैलाशचंद्र ठाकुर, लालबहादुर राहंगडाले, सुरेंद्र कुमार भगत, संदीप शर्मा, महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य डॉ. कुसुमलता उईके एवं अध्यापक डॉ. मोनिका दुबे सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे।

### 26 तक चलेगा अभियान

कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए सुरेंद्र कुमार भगत ने बताया कि जन अभियान परिषद अपने आरंभ से ही महापुरुषों के आदर्शों पर चलते हुए आदर्श ग्राम एवं संवेदनशील समाज निर्माण हेतु प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि 12 जनवरी से 26 जनवरी तक 15 दिवसीय अभियान के दौरान ग्रामीण स्तर पर शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वालंबन, जैविक खेती, ऊर्जा एवं जल संरक्षण, नशा मुक्ति, स्वच्छता तथा शासकीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### कुटीर उत्पादों को अपनाकर गांव बन सकते हैं सशक्त

स्वदेशी विषय पर वक्तव्य देते हुए वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता लालबहादुर राहंगडाले ने कहा कि स्वदेशी केवल उत्पादों का उपयोग नहीं बल्कि संस्कृति एवं आचरण का भाव है। स्थानीय कुटीर उत्पादों को अपनाकर गांवों को आर्थिक रूप से सशक्त व आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। उन्होंने भाषा गौरव पर भी जोर देते हुए हिंदी में हस्ताक्षर करने के लिए प्रेरित किया अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कैलाशचंद्र ठाकुर ने सामाजिक कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अभियान की गतिविधियों को जिम्मेदारी व निष्ठा के साथ क्रियान्वित किया जाए।

### स्वदेशी अपनाने की दिलाई शपथ

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों को स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. नरेंद्र भैरम, एस डी एम कैलाशचंद्र ठाकुर, लालबहादुर राहंगडाले, सुरेंद्र कुमार भगत, ललित ऐडे, डॉ. कुसुमलता उईके, डॉ. मोनिका दुबे, संदीप शर्मा, युवराज मुर्खे, अरविंद दरवड़े, राज ब्योत्रा, अंजू डोंगरे, शालू रावत, अवलेश पारधी सहित प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारी एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सफल मंच संचालन अरविन्द दरवड़े द्वारा किया गया।



# नाईट क्रिकेट : आरसीए की टीम बनी चैम्पियन

▶ विधायक गौरव पारधी के मुख्य आतिथ्य में प्रतियोगिता का समापन

**नवभारत कटंगी 17 जनवरी।** ग्राम कटेदरा में नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में आसपास के लगभग 30 ग्रामों की टीमों ने भाग लेकर खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक गौरव सिंह पारधी उपस्थित रहे।

टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला आरसीए और कटेधरा टीम के बीच खेला गया, जिसमें आरसीए की टीम ने 5 विकेट से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम आरसीए टीम को 21001 एवं उपविजेता कटेधरा टीम को 11001 रुपये की पुरस्कार राशि मुख्य अतिथि विधायक गौरव सिंह पारधी द्वारा प्रदान की गई।

### इनकी रही उपस्थिति

समापन के दौरान जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि महेश बोरकर, डाल सिंह ठाकरे, तोषन बिसेन, रोमेंद्र बघेले, योगराज ठाकरे, सुरेश रोकड़े, झलक ठाकरे, महेंद्र ठाकरे, ग्राम सरपंच ऐकटराव रहांगडाले, नरेंद्र बड्डू ठाकुर, बालू गौतम, बबलू आगासे, गिरीश ठाकरे, हेमराज बिसेन, भूपेंद्र ठाकरे, विमल ठाकरे, यशवंत ठाकरे सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

### लखनवाड़ा में भी क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

इसी क्रम में ग्राम लखनवाड़ा में भी प्रतिवर्ष अनुसार क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास क्षेत्र की 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच लखनवाड़ा और बनेरा टीम के बीच खेला गया। प्रथम पुरस्कार बनेरा टीम को 10001 रुपये एवं द्वितीय पुरस्कार लखनवाड़ा टीम को 5001 रुपये विधायक गौरव सिंह पारधी के हाथों प्रदान किए गए।

### गांवों से निकले प्रतिभावान खिलाड़ी, यही उद्देश्य : पारधी

विधायक गौरव सिंह पारधी ने अपने संबोधन में कहा कि कटंगी क्षेत्र की पहचान केवल कृषि या भौगोलिक कारणों से नहीं, बल्कि खेल प्रतिभाओं के माध्यम से भी बने, यही उनका उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि गांवों में आयोजित होने वाली ऐसी प्रतियोगिताएं युवाओं को मंच प्रदान करती हैं, जिससे उनकी प्रतिभा सामने आती है। विधायक ने खिलाड़ियों को मेहनत, अनुशासन और खेल भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# अब गांव के खिलाड़ी करेंगे मप्र ओलंपिक की तैयारी : विधायक



**नवभारत, बालाघाट।** जिला स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स जिला स्टार खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत आज खो-खो कबड्डी ,जूडो बॉक्सिंग ,कुश्ती , रस्साकसी का आयोजन किया गया जिसमें 10 विकास खण्डो के लगभग 500 खिलाड़ियों ने भाग लिया । जिला स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि श्रीमती अनुभा मुंजारे , विधायक बालाघाट के द्वारा भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वल कर जिला स्तर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। शुभारंभ कार्यक्रम में जिला खेल अधिकारी राहुल बारेसा ,जिला कबड्डी संघ के सचिव एथैलेटिक संघ अध्यक्ष ने भी अपनी उपस्थिति दी । विधायक महोदय द्वारा सर्वप्रथम अपने उद्बोधन में खेलो एमपी यूथ गेम्स मध्य प्रदेश की जय हो हम सबकी विजय' स्लोगन के साथ अपना उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि यह खेल आयोजन मध्य प्रदेश शासन एवं सरकार की खेल प्रतियोगिता एक अच्छी योजना है ।इसमें ग्रामीण अंचलो के खिलाड़ी को जिला स्तर में भाग लेने का अवसर मिलता है और यह खिलाड़ी संभाग ओर राज्य में भी बालाघाट का नाम राज्य स्तर तक करेंगे। साथ ही उनके द्वारा सभी खिलाड़ियों को अग्रिम शुभकामनाएं दी गई । प्रतियोगिता में सभी खेल संघो शिक्षा विभाग, आदिवासी विकास विभाग, खेल विभाग के अधिकारी , प्रशिक्षक एवं समस्त युवा समन्वयक ने उपस्थिति दी ।

# जबलपुर-मंडला-गोंदिया की आड़ में परसवाड़ा में खपाया जा रहा था धान

**नवभारत, बालाघाट।** समर्थन मूल्य पर किसानों के हक का धान बिचौलियों और व्यापारियों की साजिश का शिकार बनता जा रहा है। बालाघाट जिले में रूस्क्क धान खरीदी के नाम पर चल रहे एक बड़े खेल का खुलासा हुआ है, जिसमें अंतरराज्यीय परिवहन की आड़ लेकर धान को अवैध रूप से खरीदी केंद्रों में खपाने की तैयारी थी।

### परिवहन अनुमति की आड़ में धोखाधड़ी

जांच में सामने आया कि जबलपुर से मंडला और फिर मंडला से महाराष्ट्र के गोंदिया के नाम पर परिवहन अनुज्ञा जारी कराई गई, लेकिन धान को गोंदिया भेजने के बजाय परसवाड़ा तहसील के धान खरीदी केंद्रों तक पहुंचाने की योजना बनाई गई थी।



### एसडीएम की सतर्कता से खुला पूरा खेल

परसवाड़ा एसडीएम श्रीशीष प्यासी की सतर्कता से दिव्या पेट्रोल पंप के पास दो संदिग्ध ट्रकों को रोका गया। जांच में ट्रक क्रमांक स्क्क-09- ॥॥-3261 एवं ष्ट्व-15-ष्ठ॥-6573 के दस्तावेजों में गंभीर विसंगतियां पाई गईं, जिससे पूरे नेटवर्क का खुलासा हुआ।

### 32 ट्रक, 6163 क्विंटल धान की आशंका

प्रशासनिक जांच में यह भी संकेत मिले हैं कि इस नेटवर्क के जरिए लगभग 32 ट्रकों के माध्यम से 6163 क्विंटल धान अवैध रूप से खरीदी केंद्रों में खपाया जा सकता था। यह आंकड़ा किसानों और शासन—दोनों के साथ हो रही बड़ी धोखाधड़ी की ओर इशारा करता है।

### बिचौलिया और व्यापारी बेनकाब

पूछताछ में ग्राम झिरिया निवासी बिचौलिया राजेन्द्र रहांगडाले ने भोरवाही और बघोली खरीदी केंद्रों में धान खपाने की बात स्वीकार की है। मामले में ट्रक चालकों से लेकर व्यापारी तक की संलिप्तता उजागर हुई है।

### एफआईआर, जब्ती और आगे सख्ती के संकेत

परसवाड़ा थाने में चार आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 223 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। 1500 बोरियों में से 599 क्विंटल धान जब्त कर चंदना वेयरहाउस में सुरक्षित रखा गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जांच का दायरा बढ़ाया जाएगा और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।


**एक नजर में**

## मेहनत की मिसाल बने रत्नेश दमाहे



**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट जिले के छोटे से गांव बड़ी कुम्हारी के होनहार युवक रत्नेश दमाहे ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (ष्टढ्ढस्स्न) में चयनित होकर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे गांव और जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है। बड़ी कुम्हारी गांव, बालाघाट नगर मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। साधारण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवार में जन्मे रत्नेश दमाहे ने सरकारी स्कूल में पढ़ाई करते हुए संघर्षों से भरा सफर तय किया। सीमित संसाधन, कठिन परिस्थितियां और अनेक चुनौतियों के बावजूद उन्होंने कभी अपने लक्ष्य से समझौता नहीं किया। निरंतर परिश्रम, कड़ी मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर उन्होंने देश की प्रतिष्ठित सुरक्षा सेवा में स्थान हासिल किया। रत्नेश की सफलता यह दर्शाती है कि मेहनत और दृढ़ संकल्प के सामने कोई भी बाधा टिक नहीं सकती। उनकी यह उपलब्धि आज गांव के युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है, जो बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने का साहस कर रहे हैं। रत्नेश दमाहे की इस ऐतिहासिक सफलता पर गांववासियों, मित्रों, शुभचिंतकों एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने उन्हें बधाई दी ।

## साधारण परिवार के बेटे ने बढ़ाया कासपुर गांव का मान



**नवभारत, बालाघाट।** आशीष मलेवार का सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ में चयन हुआ है बालाघाट जिले की वारासिवनी तहसील के ग्राम कासपुर निवासी आशीष मलेवार पिताश्री खेल चंद मलेवार का सीमा सुरक्षा बल में चयन होने से पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है। सीमित संसाधनों के बावजूद आशीष ने अपने कठोर परिश्रम अनुशासन और धृढ संकल्प के बल पर यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की । आशीष एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखते हैं उनके पिता खेल चंद मलेवार टेलरिंग का कार्य कर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। आर्थिक कठिनाइयो के बावजूद आशीष ने कभी अपने लक्ष्य से समझौता नहीं किया और निरंतर मेहनत करते हुए देश सेवा का सपना साकार किया। बीएसएफ में चयन होने के बाद आशीष की इस सफलता को लेकर उनके परिवार जनों ग्राम वासियों एवं क्षेत्र के लोगों मैं विशेष उत्साह है। क्षेत्र वासियों द्वारा हार्दिक शुभकामनाएं दी जा रही है।



## बैगा संस्कृति के संरक्षण एवं खेलों के माध्यम से सशक्तिकरण की पहल

**नवभारत, बालाघाट।** जिले में निवास करने वाली विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं के संरक्षण एवं उन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में प्रगति मैदान, मलाजखंड में 17 जनवरी से दो दिवसीय बैगा महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव का शुभारंभ समारोहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में विधायक श्री संजय उईके, पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित बैगा जनजाति के श्री अर्जुन सिंह धुर्वे, बैगा समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री झामसिंह तेकाम, उपाध्यक्ष श्री छन्नू बैगा, पुजारी श्री थानसिंह धुर्वे, बैगा समाज के बिरसा ब्लाक अध्यक्ष श्री धनसिंह धुर्वे, एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता, नगरपालिका मलाजखंड के अध्यक्ष श्री मानसिंह मेरावी, जनपद पंचायत परसवाड़ा के अध्यक्ष श्री समल सिंह धुर्वे, नगरपालिका के पार्षदगण, अधिकारीगण एवं महोत्सव में भाग लेने आए बैगा जनजाति के खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# छोटे क्षेत्र में राष्ट्रीय स्पर्धा होना गर्व की बात : कोल

▶ ऑल इंडिया वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ, विभिन्न राज्यों की टीमें किरनापुर पहुंची

**किरनापुर नवभारत 17 जनवरी।** बालाघाट जिले के तहसील किरनापुर में खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच देने के उद्देश्य से आयोजित तीन दिवसीय ऑल इंडिया वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मायाराम कोल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम राष्ट्रीय ध्वज फहराने एवं राष्ट्रगान के सामूहिक गायन के साथ हुई। इसके पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर तथा वॉलीबॉल का पहला सर्व कर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया गया। उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर अतिथियों ने उनका उत्साहवर्धन किया।



### प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मिलेगा आगे बढ़ने का मौका

टूर्नामेंट में देश के विभिन्न राज्यों की टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिनके बीच रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे। उद्घाटन मैच दिल्ली एवं पंजाब की टीमों के मध्य खेला गया, जिसे देखने के लिए खेल प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ी। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है।

### युवा खिलाड़ियों को मिलेगी प्रेरणा : एसडीएम

मुख्य अतिथि एसडीएम मायाराम कोल ने अपने संबोधन में कहा कि किरनापुर जैसे छोटे क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर के वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन होना गर्व का विषय है। इससे क्षेत्र की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर बनेगी और युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। अतिथियों ने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं।



# बालाघाट में दो कंस्ट्रक्शन फर्मों पर जीएसटी छापा

▶ पूर्व मंत्री से जुड़ी फर्म पर एंटी इवेजन ब्यूरो की टीमों ने खंगाले दस्तावेज; टैक्स चोरी की आशंका

**नवभारत,बालाघाट।** ालाघाट में जीएसटी जांच को लेकर बड़ी कार्रवाई हुई है। जबलपुर एंटी इवेजन ब्यूरो की दो टीमों ने गुरुवार देर रात शहर की दो कंस्ट्रक्शन फर्मों पर दबिश दी। ये फर्म हर्ष कंस्ट्रक्शन और वैनगंगा कंस्ट्रक्शन हैं। हर्ष कंस्ट्रक्शन का संबंध पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे से बताया जा रहा है, जो वर्तमान में भाजपा के जिलाध्यक्ष भी हैं। वहीं, वैनगंगा कंस्ट्रक्शन एक पार्टनरशिप फर्म है। जांच टीमों का नेतृत्व जबलपुर एंटी इवेजन ब्यूरो के कर अधिकारी रविंद्र सनोदिया और बजेंट सिंद कर रहे हैं। अधिकारियों ने मीडिया से दूरी बनाए रखी है। अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने बताया कि जीएसटी से संबंधित दस्तावेजों की जांच की जा रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस मामले में विस्तृत जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा ही दी जाएगी। चूंकि यह मामला सत्ताधारी दल के एक नेता से जुड़ी फर्म से संबंधित है, इसलिए राजनीतिक गलियारों में इसकी खूब चर्चा हो रही है। हालांकि, अधिकारी केवल जांच जारी होने की बात कह रहे हैं और अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि जांच में कितनी टैक्स चोरी का मामला सामने आया है। जानकारों के अनुसार, एंटी इवेजन ब्यूरो आमतौर पर तभी दबिश देता है जब टैक्स चोरी का कोई बड़ा मामला सामने आता है। फिलहाल, दोनों ही फर्मों पर अलग-अलग टीमों की ओर से जांच जारी है, जिसमें लगभग एक दर्जन से अधिक अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं।

# 16वीं मप्र राज्य इंडियन कराटे चैम्पियनशीप का शुभारंभ,लगभग 500 खिलाड़ी ले रहे भाग

**नवभारत, बालाघाट।** जिला कराटे संघ के तत्वाधान में बालाघाट शहर के प्रतिष्ठित हरिमंगलम लॉन में 16वीं म.प्र. राज्य इंडियन कराटे चैम्पियनशीप का शुभारंभ जिले की सांसद श्रीमती भारती पारधी, क्षेत्रीय विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रमेश रंगलानी, आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश पाठक, जिला कराटे संघ के अध्यक्ष तपेश असाटी, देवेन्द्र सिंह चंदेल अजय मिश्रा, कैलाश चौरड़िया, सुधीर तोमर इत्यादि की उपस्थिति में किया गया। इस स्पर्धा में प्रदेश के विभिन्न जिलों के खिलाडी भाग ले रहे है जिसकी आयु सीमा निर्धारित नहीं है। लगभग 500 खिलाड़ी भाग ले रहे ।यह आयोजन न केवल खेल प्रेमियों के लिये उत्साह का विषय है बल्कि प्रदेश के उभरते हुए कराटे खिलाडियों के लिये अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का एक सशक्त मंच भी प्रदान करता है। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश पाठक ने इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में म.प्र. के विभिन्न जिलों से चयनीत कराटे खिलाडी भाग ले रहे है जो अपने कठोर अभ्यास, अनुशासन और समपर्ण के बल पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे है।

**निरीक्षण** | नगर के लालबर्रा मार्ग के रेल्वे ट्रेक पर भी ओवर ब्रिज बनाने की प्रक्रिया जल्द हो रही शुरू

# आरओबी वारा का अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर प्रदीप जायसवाल ने निर्माण एंजेसी को दिये निर्देश

**नवभारत, वारासिवनी।** नगर की सीमा पर रेल्वे ट्रेक के उपर आरओबी वारा का आज पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने निरिक्षण कर कार्य एंजेसी को समयसीमा के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किये। इस समय एसडीओ पीडब्लूडी अर्जून सनोडिया, कार्य एंजेसी के प्रमुख सिद्धार्थ जायसवाल,रेल्वे गति शक्ति के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

### गुजरात राज्य से वारासिवनी पहुची 16 सौ टन की क्रेन

आरओबी वारा का निर्माण कार्य अब अपने अंतिम समय मे सतत रूप से शुरू है। वर्तमान मे अंतिम दो स्लैब का निर्माण कार्य शेष बचा है। वही रेल्वे की ओर से गुजरात राज्य से 16 सौ टन की बेहद बडी क्रेन मशीन अपना कार्य कर रही है। फलाई ओवर के शेष हिस्से के 730 टन के गडर को बाजू के स्थल पर असेंबल किया जा रहा है। इस कार्य के पूर्ण होते ही देड माह के भीतर भारी भरकम गडर को बडी क्रेन से फलाई ओवर मे जोड दिया जायेगा। गौरतलब है की इस कार्य के पूर्ण होते ही जिला मुख्यालय के मुख्य मार्ग मे दिन मे दस बार रेल्वे ट्रेक मे बेरियर बार बार बंद होने की तकलीफ से जनता को छूटकारा मिल जायेगा। जिसकी खुशी अभी से जनमानस मे देखी जा रही है। दूसरी ओर सोशल मिडिया मे दिनभर इस कार्य मे उपयोग हो रही सबसे बडी क्रेन की रील भी युवावर्ग तेजी से डालते नजर आ रहे है।



### 55 बडी सडकें, 8 पूल और 2 आरओबी के कारण क्षेत्र में दिख रहा विकास

निरिक्षण के दौरान मिडिया के सवालो पर पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा की आरओबी वारा मे प्रदेश के सबसे चौडे गडर को स्थापित किया जा रहा है। इस कार्य के पूर्ण होते ही नगर के लालबर्रा रोड रामदेव बाबा मंदिर की क्रांसिग पर भी इसी तरह के बडे आरओबी के लिये प्रक्रिया शुरू कर दी जायेगी। हमने 8 बडे व्रहद पूलो को पिछले कार्यकाल मे स्वीक्रत कराया था। जिसमे से तीन मे आवागमन शुरू हो गया है। बाकि शेष बचे पूल मे नवंबर 26 तक कार्य पूर्ण होने जा रहा है।

### आवागमन के विषय मे नयी क्रांति साबित हो रहा साल 2026

एक सवाल पर उन्होने कहा की नया साल 2026 आवागमन के विषय मे एक नयी क्रांति साबित होंगा। 8 पूल और आरओबी वारा, आरओबी शेरपार, आरओबी गर्रा के शूरू होते ही क्षेत्रवासीयो को समय और धन की बचत होते देखी जायेगी। यह विकास कार्य हम नयी पीढी को समर्पित कर रहे है। हमने पिछले कार्यकाल मे ही 55 बडी सडको का निर्माण कराया है। और वर्तमान मे डोंगरमाली से घोटी 14 किंमी की डबल लेन सडक का कार्य भी तीव्र गति से शुरू करा दिया गया है। एक सवाल पर श्री जायसवाल ने कहा की हमने ग्रम से ग्राम की दूरीयो को पूरी तरह खत्म कर दिया है। खंडवा पूल, रामपायली बिठली पूल और बुदबुदा नदी टोला पूल का कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष बचे पूलो का कार्य भी नवंबर 26 तक पूर्ण होने की तैयारी तेज गति से शुरू है। यह हमारी डांईग और समयसीमा पर ध्यान मे रखकर महानगरो की तर्ज पर विकास कार्य संपादित करने की पहचान है। इस विकास कार्यो के कारण ही युवाओ को जंहा रोजगार मिलने की संभावनाये बलवती हो गयी है। वही मार्गो के किनारे के किसानो की जमीन सैकडा से हजारो रूपये रूकैवर फिट हो गयी है। यह चौतरफा विकास का परिणाम है। अब हमारे क्षेत्र से किसी भी दिशा मे बारहमासी किसी भी विधानसभा क्षेत्र व राज्यो मे जाने के आवागमन उपलब्ध हो जायेगे।